Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 18/08/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सा सरकारी निकाय, भारत में राष्ट्रीय स्तर पर आपदा प्रतिक्रिया और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है?

**Ans**
✔ 1. NDMA
✘ 2. IRDA
✘ 3. नीति (NITI) आयोग
✘ 4. SDRF

**Q.2** निम्नलिखित में से किस नहर के खुलने से भारत के विदेशी व्यापार पर ब्रिटिश नियंत्रण बढ़ गया?

**Ans**
✘ 1. कोनोली नहर
✘ 2. मुनक नहर
✘ 3. बकिंघम नहर
✔ 4. स्वेज नहर

**Q.3** 1988 में, चेस में भारत का प्रथम ग्रैंडमास्टर निम्नलिखित में से कौन बना?

**Ans**
✘ 1. पेंटाला हरिकृष्णा
✘ 2. दिब्येंदु बरुआ
✔ 3. विश्वनाथन आनंद
✘ 4. आर. प्रज्ञानंद

**Q.4** उस सुपर एक्सप्रेसवे (Super Expressway) का क्या नाम है जो नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता महानगरों को जोड़ता है?

**Ans**
✔ 1. स्वर्णिम चतुर्भुज
✘ 2. उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर
✘ 3. पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर
✘ 4. राष्ट्रीय राजमार्ग 44

**Q.5** निम्नलिखित में से किस ग्रंथ को सबसे प्राचीन तमिल व्याकरण कृति माना जाता है?

**Ans**
✘ 1. मणिमेकलई (Manimekalai)
✘ 2. कुरल (Kural)
✔ 3. तोलकाप्पियम (Tolkappiyam)
✘ 4. शिलप्पदिकारम (Silappadikaram)

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

| | |
|---|---|
| Q.6 | हाइड्रोकार्बन अन्वेषण एवं लाइसेंसिंग नीति (HELP) के अंतर्गत, मई 2025 में प्रस्तावित तथा मछुआरों द्वारा विरोध किए जा रहे हाइड्रोकार्बन अन्वेषण परियोजना का स्थल, वेड्ज बैंक कहाँ स्थित है? |
| Ans | ✗ 1. अरब सागर में मुंबई से लगभग 60 km पश्चिम में एक गहरे महासागरीय बेसिन<br>✗ 2. बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में अंडमान द्वीप समूह के पास एक अपतटीय शैल-भित्ति<br>✓ 3. हिंद महासागर में दक्षिणी तट से लगभग 80 km दूर एक पनडुब्बी पठार<br>✗ 4. हिंद महासागर में लक्षद्वीप समूह के पास एक प्रवाल द्वीप |

| | |
|---|---|
| Q.7 | भारत ने 2025 में ₹1,700 करोड़ की लागत से 3,500 km को कवर करते हुए देश भर में कौन-सी रेलवे सुरक्षा प्रणाली लागू करना शुरू किया? |
| Ans | ✗ 1. नमो भारत सिग्नलिंग प्रणाली (Namo Bharat Signalling System)<br>✗ 2. राष्ट्रव्यापी रेलवे सुरक्षा प्रणाली (Nationwide Railway Safety System)<br>✗ 3. GPS-आधारित ट्रैकिंग प्रणाली (GPS-based Tracking System)<br>✓ 4. कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली (Kavach Automatic Train Protection) |

| | |
|---|---|
| Q.8 | संविधान के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा विषय दिल्ली विधानसभा के नियंत्रण में नहीं आता है? |
| Ans | ✓ 1. सार्वजनिक व्यवस्था<br>✗ 2. शिक्षा<br>✗ 3. बिजली<br>✗ 4. सार्वजनिक स्वास्थ्य |

| | |
|---|---|
| Q.9 | RTI अधिनियम के तहत, किसी सार्वजनिक प्राधिकरण से सूचना प्राप्त करने की समय सीमा क्या है? |
| Ans | ✗ 1. 60 दिन<br>✓ 2. 30 दिन<br>✗ 3. 45 दिन<br>✗ 4. 15 दिन |

| | |
|---|---|
| Q.10 | कौन-सी भौगोलिक संरचना, मुख्यतः भारतीय मरुस्थल की पूर्वी सीमा को नियंत्रित करती है? |
| Ans | ✓ 1. अरावली पहाड़ियाँ<br>✗ 2. सतपुड़ा पहाड़ियाँ<br>✗ 3. पश्चिमी घाट<br>✗ 4. विंध्य पर्वतमाला |

| | |
|---|---|
| Q.11 | कौन-सा आस्ट्रेलियाई पठार, पिघले हुए लावा के जमने से निर्मित हुआ है? |
| Ans | ✗ 1. मालवा पठार (Malwa Plateau)<br>✗ 2. कोलंबिया और स्नेक नदियों का पठार (Columbia and Snake Rivers Plateau)<br>✓ 3. किम्बरली पठार (Kimberley Plateau)<br>✗ 4. पैटागोनिया पठार (Patagonian Plateau) |

| | |
|---|---|
| Q.12 | आनुवंशिकता और विविधता के अध्ययन को क्या कहा जाता है? |
| Ans | ✗ 1. विकास<br>✗ 2. उत्परिवर्तन<br>✓ 3. आनुवंशिकी<br>✗ 4. जीव विज्ञान |

| | |
|---|---|
| Q.13 | बहुआयामी निर्धनता सूचकांक (MPI) में निम्नलिखित में से कौन-सा संकेतक शामिल नहीं है? |
| Ans | ✗ 1. स्कूली शिक्षा के वर्ष<br>✓ 2. प्रति व्यक्ति मासिक व्यय<br>✗ 3. पोषण<br>✗ 4. विद्युत की पहुँच |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.14 1947-1991 के दौरान रोजगार पैटर्न में सीमित विविधता देखी गयी। इस अवधि के दौरान किस क्षेत्र ने भारत के कार्यबल के सबसे बड़े हिस्से को रोजगार प्रदान किया?

Ans
- ✗ 1. सेवा क्षेत्र
- ✓ 2. कृषि
- ✗ 3. आधारिक संरचना
- ✗ 4. द्वितीयक क्षेत्र

Q.15 2025 में की गई घोषणा के अनुसार, ISRO, नेक्स्ट जनरेशन लॉन्च व्हीकल (NGLV) के लिए किस प्रकार का इंजन डिजाइन कर रहा है?

Ans
- ✗ 1. क्रायोजेनिक ठोस ईंधन इंजन (Cryogenic solid fuel engine)
- ✗ 2. LOX-केरोसीन हाइब्रिड इंजन (LOX-Kerosene hybrid engine)
- ✗ 3. हाइड्रोजन-ईंधन इंजन (Hydrogen-fueled engine)
- ✓ 4. LOX-मेथेन इंजन (LOX-Methane engine)

Q.16 आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) का वर्ष 2025 दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्रीय मंच कहाँ आयोजित किया गया?

Ans
- ✗ 1. कुआलालंपुर, मलेशिया
- ✗ 2. मनीला, फिलीपींस
- ✗ 3. जकार्ता, इंडोनेशिया
- ✓ 4. बैंकॉक, थाईलैंड

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वतमाला, कश्मीर घाटी को शेष हिमालय क्षेत्र से पृथक करती है?

Ans
- ✗ 1. लद्दाख
- ✗ 2. जास्कर
- ✓ 3. पीर पंजाल
- ✗ 4. काराकोरम

Q.18 वर्ष 2025 में, कितने व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
- ✗ 1. 120
- ✗ 2. 150
- ✗ 3. 113
- ✓ 4. 139

Q.19 मई 2025 में, निम्नलिखित में से कौन-सा इसरो मिशन PSLV-C61 रॉकेट में तीसरे चरण की विसंगति के कारण अपने पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को तैनात करने में विफल रहा?

Ans
- ✗ 1. Cartosat-3
- ✗ 2. INSAT-3DS
- ✓ 3. EOS-09
- ✗ 4. RISAT-2BR2

Q.20 जनवरी 2025 में आयोजित 19वें प्रवासी भारतीय दिवस (PBD) सम्मेलन की मेजबानी निम्नलिखित में से किस शहर ने की?

Ans
- ✗ 1. इंदौर
- ✓ 2. भुवनेश्वर
- ✗ 3. बेंगलुरु
- ✗ 4. वाराणसी

Adda247

Q.21 भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान लॉर्ड बैंटिक ने 1829 में किस हानिकारक सामाजिक प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया था?

Ans
- ✗ 1. बाल विवाह
- ✓ 2. सती प्रथा
- ✗ 3. बहुविवाह
- ✗ 4. दहेज

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सा, शहरी परिवहन अवसंरचना का भाग नहीं है?

Ans
- ✗ 1. राजमार्ग
- ✗ 2. मेट्रो प्रणाली
- ✗ 3. रेल नेटवर्क
- ✓ 4. सिंचाई नहरें

Q.23 कंप्यूटर और लैपटॉप में प्रयुक्त गलत ऑपरेटिंग सिस्टम का चयन करें।

Ans
- ✓ 1. एंड्रॉइड (Android)
- ✗ 2. विंडोज (Windows)
- ✗ 3. यूनिक्स (Unix)
- ✗ 4. लिनक्स (Linux)

Q.24 मौद्रिक नीति समिति (MPC) की स्थापना मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण को औपचारिक बनाने के लिए की गई थी। भारत के MPC में कितने सदस्य हैं?

Ans
- ✓ 1. 6
- ✗ 2. 7
- ✗ 3. 5
- ✗ 4. 3

Q.25 मई 2025 में लॉन्च किए गए भारत फोरकास्टिंग सिस्टम (BFS) का स्थानिक रिज़ॉल्यूशन कितना है?

Ans
- ✗ 1. 10 किलोमीटर
- ✗ 2. 3 किलोमीटर
- ✓ 3. 6 किलोमीटर
- ✗ 4. 12 किलोमीटर

Q.26 रॉलेट सत्याग्रह के दौरान किस क्षेत्र में सबसे प्रबल हिंसा और मार्शल लॉ (martial law) लागू किया गया?

Ans
- ✗ 1. बंगाल
- ✓ 2. पंजाब
- ✗ 3. गुजरात
- ✗ 4. बिहार

Q.27 कौन-सी कंपनी, हाइड्रोजन के परिवहन के लिए स्टील पाइप विकसित करने वाली भारत की पहली कंपनी बन गई?

Ans
- ✗ 1. सेल (SAIL)
- ✓ 2. टाटा स्टील
- ✗ 3. हिंडाल्को इंडस्ट्रीज
- ✗ 4. जिंदल स्टील & पावर

Q.28 मई 2025 में विमोचित पुस्तक, 'पीएमओ: प्राइम मिनिस्टर ऑफिस थ्रू द इयर्स (PMO: Prime Minister's Office through the Years)' को किसके द्वारा लिखा गया है?

Ans
- ✗ 1. नायब सिंह सैनी
- ✗ 2. जगदीप धनखड़
- ✗ 3. मनोहर लाल खट्टर
- ✓ 4. हिमांशु रॉय

Adda247

Q.29 भारत के संविधान में सहकारी समितियों के विधायी आवंटन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
1. यह समवर्ती सूची का विषय है।
2. यह संघ सूची का विषय है।
3. यह अवशिष्ट (संघ) सूची के अंतर्गत आता है।
4. यह राज्य सूची का विषय है। ✔

Q.30 जैन धर्म के श्वेतांबर सिद्धांत में कितने आगम शामिल हैं?

Ans
1. 35
2. 6
3. 45 ✔
4. 12

Q.31 रक्षा मंत्रालय द्वारा 500 इन्वार एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलों के लिए नियोजित ऑर्डर - जिसका मूल्य ₹2,000–₹3,000 करोड़ है — किस रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र इकाई (PSU) को दिया जाएगा?

Ans
1. भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ✔
2. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
3. आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड
4. गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड

Q.32 1962 का भारत-चीन युद्ध मुख्यतः किस भौगोलिक क्षेत्र में लड़ा गया था?

Ans
1. ब्रह्मपुत्र घाटी
2. हिमालय की सीमा ✔
3. सिंधु-गंगा का मैदान
4. दक्कन का पठार

Q.33 निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व, लैंथेनॉइड वर्ग के तत्व के रूप में वर्गीकृत है?

Ans
1. स्कैंडियम
2. इट्रियम
3. ऐक्टिनियम
4. सीरियम ✔

Q.34 ऑपरेटिंग सिस्टम के संदर्भ में GUI का क्या अर्थ है?

Ans
1. General User Instruction (जनरल यूजर इंस्ट्रक्शन)
2. Graphical Unix Integration (ग्राफिकल यूनिक्स इंटिग्रेशन)
3. Global Utility Interface (ग्लोबल यूटिलिटी इंटरफेश)
4. Graphical User Interface (ग्राफिकल यूजर इंटरफेश) ✔

Q.35 512 ई. में, वल्लभी (गुजरात) में देवर्धि क्षमाश्रमण की अध्यक्षता में निम्नलिखित में से कौन-सी जैन संगीति आयोजित की गई थी?

Ans
1. चौथी
2. तीसरी
3. दूसरी ✔
4. पहली

**Q.36** 2025 में, किस भारतीय विनियामक संस्था ने डिजिटल वित्त और ऑनलाइन धोखाधड़ी की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'डिजिटल इंडिया वित्तीय साक्षरता मिशन (Digital India Financial Literacy Mission)' शुरू किया है?

Ans
✔ 1. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)
✘ 2. वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (FSDC)
✘ 3. राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (NFRA)
✘ 4. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)

**Q.37** जनवरी 2025 में कौन-सा देश, BRICS का पूर्ण सदस्य बन गया?

Ans
✘ 1. नाइजीरिया
✘ 2. अर्जेंटीना
✘ 3. मिस्र
✔ 4. इंडोनेशिया

**Q.38** किस संवैधानिक संशोधन द्वारा भारत में वस्तु एवं सेवा कर (GST) लागू किया गया?

Ans
✘ 1. 102वां संशोधन अधिनियम, 2018
✘ 2. 100वां संशोधन अधिनियम, 2015
✔ 3. 101वां संशोधन अधिनियम, 2016
✘ 4. 99वां संशोधन अधिनियम, 2015

**Q.39** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद संविधान के संशोधन प्रक्रिया से संबंधित है?

Ans
✘ 1. अनुच्छेद 370
✘ 2. अनुच्छेद 300
✘ 3. अनुच्छेद 208
✔ 4. अनुच्छेद 368

**Q.40** उस सिद्धांत का क्या नाम है, जो यह स्पष्ट करता है कि तरंगाग्र पर प्रत्येक बिंदु द्वितीयक तरंगिकाओं के स्रोत के रूप में कार्य करता है जो सभी दिशाओं में फैलती हैं और एक नया तरंगाग्र बनाती हैं?

Ans
✘ 1. फर्मा का सिद्धांत (Fermat's Principle)
✘ 2. अध्यारोपण का सिद्धांत (Superposition Principle)
✔ 3. हाइगेन्स का सिद्धांत (Huygens' Principle)
✘ 4. डॉपलर का सिद्धांत (Doppler's Principle)

Adda247

Section : **Mathematics**

**Q.1** X, Y और Z ने क्रमशः 16 : 85 : 54 के अनुपात में एक राशि का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में उन्हें कुल ₹3,750 का लाभ हुआ, तो Y और Z के हिस्से में कितना अंतर है?

Ans
✔ 1. ₹750
✘ 2. ₹742
✘ 3. ₹706
✘ 4. ₹676

**Q.2** एक आयत PQRS के विकर्ण O पर मिलते हैं। यदि ∠QOR = 36° है, तो ∠OPS ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 54°
✘ 2. 108°
✘ 3. 144°
✔ 4. 72°

Q.3 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 769501 को विभाजित करती है?

Ans
1. 105
2. 96
3. 90
4. 97

Q.4 36 km/hr की चाल से चलने वाली कोई बस एक यात्रा 5 घंटे में पूरा करती है। 10 घंटे में समान दूरी तय करने के लिए उसकी चाल कितनी होनी चाहिए?

Ans
1. 18 km/hr
2. 22 km/hr
3. 17 km/hr
4. 9 km/hr

Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 71,67,10,501 को विभाजित करती है?

Ans
1. 20
2. 13
3. 19
4. 16

Q.6 यदि किसी घनाभ की विमाएँ 18 m × 12 m × 9 m है, तो उसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 972 $m^2$
2. 1128 $m^2$
3. 998 $m^2$
4. 1062 $m^2$

Q.7 65 का 65%, 25 के $\frac{3}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans
1. 27.25
2. 24.25
3. 25.25
4. 21.25

Q.8 $\sqrt{289} + \sqrt{0.0324} - \sqrt{7.29} =$

Ans
1. 12.59
2. 14.48
3. 9.08
4. 11.21

Q.9 8% और 5% क्रमिक छूट, ______ की कुल छूट के बराबर होगी।

Ans
1. 12.5%
2. 13.5%
3. 13.4%
4. 12.6%

Q.10 निम्न को सरल कीजिए।

$x(3x - 6) + 5(x^2 - 4) + 19$

Ans
1. $-8x^2 - 6x + 1$
2. $-8x^2 - 6x - 1$
3. $8x^2 - 6x + 1$
4. $8x^2 - 6x - 1$

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.11 दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, 90% पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान किया और डाले गए मतों में से 18% अवैध पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध मतों के 51% मत प्राप्त हुए और उसने 1845 मतों के अंतर से चुनाव जीत लिया। कितने मतदाता पंजीकृत थे?

Ans
✗ 1. 124997
✗ 2. 124998
✗ 3. 124999
✓ 4. 125000

Q.12 एक मेज का अंकित मूल्य ₹8,000 है। एक दुकानदार इसे 20% और 25% की दो क्रमिक छूटों पर खरीदता है। वह परिवहन पर ₹300 खर्च करने के बाद मेज को ₹8,000 में बेच देता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $56\frac{45}{51}\%$
✓ 2. $56\frac{44}{51}\%$
✗ 3. $56\frac{42}{51}\%$
✗ 4. $56\frac{43}{51}\%$

Q.13 22 पुस्तकों का विक्रय मूल्य 11 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 50% हानि
✗ 2. 50% लाभ
✗ 3. $\frac{100}{11}\%$ हानि
✗ 4. $\frac{100}{11}\%$ लाभ

Q.14 दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 870 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या क्या है?

Ans
✗ 1. 41
✓ 2. 30
✗ 3. 21
✗ 4. 38

Q.15 प्रथम 154 विषम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 154
✗ 2. 155
✗ 3. 153.5
✗ 4. 154.5

Q.16 ₹1,200 पर 4% मासिक ब्याज दर से 8 माह के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹52
✗ 2. ₹384
✗ 3. ₹64
✓ 4. ₹32

Q.17 दो संख्याओं का ल.स.प. (LCM) उनके म.स.प. (HCF) का सात गुना है। म.स.प. (HCF) और ल.स.प. (LCM) का अंतर 222 है। दोनों संख्याओं का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 9086
✗ 2. 9276
✓ 3. 9583
✗ 4. 9158

Adda247

Q.18 (−9) − (−60) ÷ (−6) + (−4) × 6 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. −45
2. −42
3. −46
4. −43 ✔

Q.19 7 वर्ष पहले, एक पिता की आयु उसके पुत्र की आयु के दोगुने से 20 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्षों बाद, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी हो जाएगी?

Ans
1. 11
2. 13 ✔
3. 16
4. 12

Q.20 16 और 256 के बीच माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 63
2. 65
3. 64 ✔
4. 66

Q.21 दक्ष,168 km की यात्रा 21 km/hr की चाल से, अगली 100 km की यात्रा 20 km/hr की चाल से और उससे अगली 371 km की यात्रा 53 km/hr की चाल से तय करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में) कितनी है?

Ans
1. 31.95 ✔
2. 23.34
3. 36.61
4. 29.63

Q.22 5 पुरुष किसी कार्य को 16 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि 3 महिलाएं इसे 15 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 9 महिलाएं और 4 पुरुष इस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
1. 1 दिन
2. 2 दिन
3. 4 दिन ✔
4. 3 दिन

Q.23 10 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक नीचे दिए गए हैं।
12, 14, 14, 15, 12, 16, 12, 10, 19, 11
दिए गए आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 19
2. 14
3. 15
4. 12 ✔

Q.24 एक खोखला गोलाकार खोल 15 g/cm3 घनत्व वाली धातु से बना है। इसकी आंतरिक और बाह्य त्रिज्याएँ क्रमशः 8 cm और 11 cm हैं। खोल का द्रव्यमान (kg में) कितना है?
$\left(\pi = \frac{22}{7}\right)$ का उपयोग कीजिए।

Ans
1. 52.96
2. 48.48
3. 52.67
4. 51.48 ✔

Q.25 $\frac{5}{2}+\left(\frac{1}{1+\frac{3}{8}}\right)-\frac{3}{5}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{297}{118}$
2. $\frac{290}{107}$
3. $\frac{284}{109}$
4. $\frac{289}{110}$ ✔

Q.26 18 फीट ऊँचा एक ऊर्ध्वाधर खंभा एक निश्चित ऊँचाई पर टूटा हुआ है और इसका ऊपरी भाग, जो पूरी तरह से अलग नहीं हुआ है, जमीन से 30° के कोण पर मिलता है। वह ऊँचाई ज्ञात कीजिए जिस पर खंभा टूटा हुआ है।

Ans
1. 7 फीट
2. 6 फीट ✔
3. 4 फीट
4. 5 फीट

Q.27 92 दर्पण ₹92 में खरीदे गए, और 35 दर्पण परिवहन के दौरान टूट गए। व्यापारी ने शेष दर्पण ₹4.40 प्रति दर्पण की दर से बेच दिए। उसका लाभ ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹157.90
2. ₹153.10
3. ₹158.80 ✔
4. ₹161.70

Q.28 पाइप A किसी टैंक को 12 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 30 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 18 घंटे में भर सकता है। यदि वे सभी एक-साथ चालू कर दिए जाएं, तो उसी टैंक को भरने में कितना समय लगेगा?

Ans
1. $9\frac{25}{31}$ घंटे
2. $15\frac{25}{31}$ घंटे
3. $8\frac{25}{31}$ घंटे
4. $5\frac{25}{31}$ घंटे ✔

Q.29 किसी निश्चित मूलधन पर 6.4% वार्षिक ब्याज दर पर $6\frac{1}{2}$ वर्ष का साधारण ब्याज ₹9,204 है। उसी मूलधन पर 7.6% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर $6\frac{2}{3}$ वर्ष में देय मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹33,336
2. ₹33,340
3. ₹33,348
4. ₹33,335 ✔

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.30 ₹44,200 को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया गया कि A के हिस्से का 3 गुना = B के हिस्से का 9 गुना = C के हिस्से का 4 गुना है। A का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹21,304
2. ₹21,081
3. ₹21,178
4. ₹21,216 ✓

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

HKB 11, FIZ 19, DGX 27, BEV 35, ?

Ans
1. XAT 42
2. ZCT 43 ✓
3. ACR 43
4. ZBR 45

Q.2 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से KHIG का संबंध HEFD से है। उसी तरीके से, DABZ का संबंध AXYW से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, BYZX का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है?

Ans
1. YWVD
2. YVWU ✓
3. YVVU
4. YUVU

Q.3 छह मित्र T, V, W, X, Y और Z एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर मुंह करके बैठे हैं। V, Y के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। Y, T के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। X, W के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। V के बाएं गिनने पर Z और V के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. एक भी नहीं
2. एक
3. दो
4. तीन ✓

Q.4 एक निश्चित कूट भाषा में, 'HALF' को '2586' तथा 'FLAG' को '7862' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'G' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 7 ✓
2. 6
3. 2
4. 8

Q.5 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

391 392 396 405 421 ?

Ans
1. 441
2. 446 ✓
3. 431
4. 436

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.6 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, चार-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 1338 2325 3627 5513 1764 (दाएं)

(उदाहरण के लिए 6975 लीजिए – इसमें पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9, तीसरा अंक = 7 और चौथा अंक = 5 है)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की ओर की जानी चाहिए।)

यदि प्रत्येक संख्या के सभी अंकों को उलट दिया जाए, तो दूसरी सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक से गुणा करने पर परिणाम कितना होगा?

Ans
✗ 1. 3
✗ 2. 1
✗ 3. 4
✓ 4. 2

Q.7 यदि संख्या 6854376 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 4 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
✗ 1. तीन
✓ 2. दो
✗ 3. एक भी नहीं
✗ 4. एक

Q.8 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. ROK
✗ 2. FCY
✗ 3. MJF
✓ 4. LID

Q.9 निम्नलिखित संख्या-प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और निम्न प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।
(बाएं) 5 * 8 > 4 1 4 \ 4 $ ^ 3 ? 5 2 % / > 9 2 4 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और उसके ठीक बाद एक अन्य संख्या भी है?

Ans
✗ 1. दो
✓ 2. तीन
✗ 3. एक
✗ 4. चार

Q.10 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त होती है। उस युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए -13 पर संक्रियाएँ करना जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

78, 39
84, 42

Ans
✗ 1. 58, 19
✗ 2. 94, 48
✓ 3. 66, 33
✗ 4. 52, 23

Q.11 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'keep your goal' को 'yt ru kj' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'mind your business' को 'kj gb mi' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'your' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ 1. yt
- ✓ 2. kj
- ✗ 3. mi
- ✗ 4. ru

Q.12 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

40 × 4 + 12 ÷ 6 – 4 = ?

Ans
- ✗ 1. 14
- ✓ 2. 22
- ✗ 3. 17
- ✗ 4. 20

Q.13 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. VOU
- ✓ 2. OHM
- ✗ 3. RKQ
- ✗ 4. TMS

Q.14 यदि '÷' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '+' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?
63 × 9 ÷ 3 – 3 × 24 + 22 ÷ 11 + 9 = ?

Ans
- ✗ 1. 526
- ✗ 2. 494
- ✓ 3. 500
- ✗ 4. 428

Q.15 हीरत बिंदु A से चलना शुरू करती है और पूर्व की ओर 2 km चलती है। फिर वह बाएं मुड़ती है और 2 km चलती है। वह फिर से बाएं मुड़ती है और 2 km चलती है। अंतत: वह बाएं मुड़ती है और बिंदु B तक पहुंचने के लिए 5 km चलती है। बिंदु A तक फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं )

Ans
- ✗ 1. 2 km पश्चिम
- ✗ 2. 2 km दक्षिण
- ✗ 3. 2 km उत्तर
- ✓ 4. 3 km उत्तर

Q.16 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन: सभी पेंसिलें, रबड़ हैं। कुछ रबड़, क्रेयॉन हैं।

निष्कर्ष (I): कुछ पेंसिलें, क्रेयॉन हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ रबड़, पेंसिलें हैं।

Ans
- ✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✓ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ 4. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं।

Q.17 यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तथा '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

9 + 5 ÷ 130 − 10 × 22 = ?

Ans
✔ 1. 54
✘ 2. 22
✘ 3. 44
✘ 4. 32

Q.18 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

58 60 65 73 84 ?

Ans
✘ 1. 89
✘ 2. 84
✘ 3. 95
✔ 4. 98

Q.19 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समुच्चय के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

ITM : LSO
SSV : VRX

Ans
✘ 1. FTF : ISI
✘ 2. WQJ : ZRL
✔ 3. TNN : WMP
✘ 4. SUK : VTL

Q.20 सात डिब्बे T, U, V, W, X, Y और D एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। W के नीचे केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। Y के ऊपर केवल एक डिब्बा रखा गया है। Y और U के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। T को X के ठीक ऊपर रखा गया है। D को V के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। V और T के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
✘ 1. एक
✘ 2. दो
✘ 3. तीन
✔ 4. चार

Q.21 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ 1. RU-PS
✘ 2. UX-SW
✘ 3. MP-KO
✘ 4. PS-NR

Q.22 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

CSL : FPG
KGX : NDS

Ans
✘ 1. MMX : PQS
✘ 2. NGN : QJJ
✘ 3. JKY : MMT
✔ 4. DJF : GGA

Q.23 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी कैंची, क्रेयॉन हैं।
कुछ क्रेयॉन, इरेज़र हैं।
निष्कर्ष:
(I) कुछ कैंची, इरेज़र हैं।
(II) कुछ इरेज़र, क्रेयॉन हैं।

Ans
✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✓ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.24 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

61 60 56 47 31 ?

Ans
✓ 1. 6
✗ 2. 9
✗ 3. 28
✗ 4. 14

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

YPP -1 VRM -3 ? PVG -27 MXD -81

Ans
✗ 1. STI -9
✗ 2. SSJ -6
✗ 3. SSI -6
✓ 4. STJ -9

Q.26 एक कक्षा में सभी 129 विद्यार्थी उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में खड़े हैं। ललित दाएं छोर से 33वें स्थान पर है, जबकि साहिल बाएं छोर से 27वें स्थान पर है। ललित और साहिल के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?

Ans
✗ 1. 68
✗ 2. 72
✓ 3. 69
✗ 4. 70

Q.27 शेघल अपनी कक्षा में शीर्ष से 33वें तथा नीचे से 18वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✗ 1. 53
✓ 2. 50
✗ 3. 52
✗ 4. 51

Q.28 छह व्यक्ति A, B, C, D, E और F एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। सभी उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, पंक्ति के दाहिने छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। B और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, B के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। B और C का निकटतम पड़ोसी F है। A, D के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। D और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. चार
✗ 2. एक
✓ 3. दो
✗ 4. तीन

Q.29 सुरेश बिंदु A से यात्रा शुरू करता है और पश्चिम की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। अंतत: वह दाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans

✗ 1. 4 km, उत्तर की ओर

✓ 2. 3 km, उत्तर की ओर

✗ 3. 3 km, दक्षिण की ओर

✗ 4. 4 km, दक्षिण की ओर

Q.30 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'F – H x L ÷ O + Y' है, तो F का Y से क्या संबंध है?

Ans

✗ 1. पिता के पिता

✓ 2. माता के भाई

✗ 3. माता के पिता

✗ 4. पिता के भाई

Adda247